प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.10.2023 (सवेरे– 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के आदिवासी बस्तर संभाग के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज नवनियुक्त सहायक अभियंता और लिपिकीय सेवा संवर्ग के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सौपेंगे नियुक्ति पत्र।
- चक्रधरपुर रेल डिवीजन के राउरकेला स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर नौ ट्रेनों को किया गया रद्द।
- हजारीबाग के रहने वाले मोहम्मद शहनवाज समेत तीन आईएसआईएस आतंकवादियों को किया गया गिरफ्तार।
- राज्य के अधिकांश जिलों में आज भी भारी बारिश होने की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के आदिवासी बस्तर संभाग के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री बस्तर के नगरनार में स्थापित एनएमडीसी के ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज नगर विकास एवं आवास विभाग में नव नियुक्त सहायक अभियंता और वाणिज्य कर विभाग में नवनियुक्त लिपिकीय सेवा संवर्ग के निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। नियुक्त पत्र वितरण समारोह का आयोजन प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में दिन के एक बजे से किया जाएगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वित मंत्री रामेश्वर उरांव और श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थित रहेंगे।

*********************

चक्रधरपुर रेल डिवीजन के राउरकेला स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। पटना–सिकन्दराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस चार, नौ और ग्यारह अक्टूबर को रदद रहेगी। वहीं हैदराबाद पटना एक्सप्रेस स्पेशल चार और ग्यारह अक्टूबर को, सिकन्दराबाद पटना एक्सप्रेस छह और तेरह अक्टूबर को, धनबाद भूवनेश्वर स्पेशल ट्रेन पन्द्रह अक्टूबर को , बरौनी कोयंबटूर एक्सप्रेस सात और चौदह अक्टूबर को, कोयबंटूर बरौनी एक्सप्रेस चार और ग्यारह अक्टूबर को, रक्सौल सिकन्दराबाद स्पेशल दस अक्टूबर को और हैदराबाद रक्सौल स्पेशल ट्रेन सात और चौदह अक्टूबर को रदद रहेगी।

*********************

खूंटी जिले में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कल 86 पंचायतों के ग्रामसभा में वनाधिकार की शपथ दिलाई गई। ग्रामवासियों ने यह शपथ ली कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति का गठन– पुनर्गठन करेंगे तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वन अधिकार पट्टा दिए जाने के लिए उनके दावों पर नियम के अनुसार अनुशंसा करेंगे।'

*********************

धनबाद में दुर्गा पूजा की तैयारी चल रही हैं। वहीं जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने में लगा है कि पूजा के दौरान किसी तरह का व्यवधान ना उत्पन्न हो।

*********************

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने कल आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया–आईएसआईएस के आतंकी मोहम्मद शहनवाज को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मोहम्मद शहनवाज मूल रूप से हजारीबाग का रहने वाला है। उसपर एनआईए ने तीन लाख रूपये का इनाम घोषित कर रखा था। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त एच एस ढ़ालीवाल के अनुसार इनके पास से आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है। गिरफ्तार मोहम्मद शहनवाज पेशे से इंजीनियर है। इन दिनों वह अपने परिवार के साथ पूणे में रह रहा था।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड उच्च न्यायालय में क्रिमिनल रिट याचिका दायर कर सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती दी है। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चन्द्र ने याचिका दायर की है। श्री सोरेन ने याचिका में कहा है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था।

*********************

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत का कद लगातार बढ़ रहा है और अब देश अंतरिक्ष शासक वर्ग के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में इसरो वैज्ञानिकों को सम्मानित करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के रहते हुए भी अब इसरो को दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसी माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत को कमजोर मानने वाले अमरीका और रूस जैसे देश अब भारत के साथ साझेदारी करना चाहते हैं।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले स्मृति चिन्हों की ई–नीलामी कल से आम जनता के लिए शुरु हो गई है। बोलियां इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेंगी। इस नीलामी से एकत्रित धनराशि पवित्र गंगा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए नमामि गंगे परियोजना को दान कर दी जाएगी।

*********************

सरायकेला–खरसावां जिले में कल शाम दो पक्षो में हिसंक झड़प हुई इसमें नौ लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर है। जिन्हें सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करते हुए जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी अर्जुन उरांव ने बताया कि मामला पारिवारिक विवाद का है ,दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों परिवारों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

*********************

झारखंड के अधिकांश जिलों में पिछले 48 घंटे से रूक रूक कर बारिश हो रही है। इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के अधिकांश जिलों में गर्जन के साथ भरी बारिश की संभावना जतायी गई है। इससे पूर्व हुए बारिश में कई नदियों में तेज उफान है। अब तक हुई बारिश में पिछले 48 घंटो में अगल अलग हादसों में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने पांच अक्टूबर तक ज्यादातर इलाकों में बारिश की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।

*********************

देवघर जिले में कल महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर पाथरोल हाई स्कूल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस मौके पर खेल मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झारखंड सरकार खेल में प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास कर रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री खेल को बढ़ावा देने के सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होनेवाले अधिकांश अखबारों ने बिहार सरकार की ओर से जारी जातिगत गणना रिपोर्ट को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है बिहार में सबसे ज्यादा 36 प्रतिशत अत्यंत पिछड़ा वर्ग, बिहार सरकार ने जाति आधारित गणना रिपोर्ट जारी की।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है 36 साल बाद जातीय राजनीति, बिहार में जातीय सर्वे के आंकडे जारी।

हिन्दुस्तान लिखता है बिहार में जारी जाति आधारित गणना रिपोर्ट जारी होने के बाद प्रधानमंत्री ने ग्वालियर में कहा विकास विरोधी लोग जात पात के नाम पर बांट रहे हैं।

दैनिक जागरण की सुर्खी है एशियाई खेल में एथलेटिक्स में बरसी चांदी, टेबल टेनिस में एतिहासिक कांस्य।

हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी बिहार में हुए जाति आधारित गणना के जारी आकंडे की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

*********************